हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार, 3 जनवरी 2024

11 छोटे कारीगरों के लिए वरदान है पीएम विश्वकर्मा...



12 बरसाती पानी से मिलेगी निजात पाइप लाइन ....



## खबर संक्षेप

### चार दिवसीय वार्षिक महोत्सव 11 से 14 तक

**भिवानी।** कृष्णा कॉलोनी स्थित तपोभूमि परमहंस योगाश्रम धाम में चार दिवसीय वार्षिक महोत्सव 11 से 14 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में धाम के महाराज कृष्णानंद सरस्वती का सान्निध्य रहेगा। आश्रम के प्रवक्ता ने बताया कि 11 से 14 जनवरी तक रोज सुबह 7 से 8:30 बजे तक गायत्री मंत्र और सायं 3 से 6 बजे तक हरिनाम का कीर्तन व सुंदरकांड पर आधारित अंताक्षरी आ आयोजन किया जाएगा।

### उच्च शिक्षा के लिए रियायती दरों पर मिलता है ऋण

**चरखी दादरी।** हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से लड़कियों व महिलाओं को देश विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बैंकों से ऋण लेने पर ब्याज दर में पांच प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। योजना का लाभ उठाने वाली महिला एवं लड़की का हरियाणा का स्थायी निवासी होना जरूरी है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि महंगे ब्याज दर के अभाव में कोई भी छात्रा उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित ना रहे।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ाई

**चरखी दादरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार मतदाता सूची के विशेष सारांश पुनरीक्षण की संशोधित अनुसूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ाई गई है। पहले अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी थी लेकिन अब अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी 2024 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने यह जानकारी दी।

### बस स्टैंड पर बच्चे को बाइक ने मारी टक्कर

**लोहारू।** लोहारू-दादरी मुख्य सड़क मार्ग पर गांव बसीरवास के बस स्टैंड पर बस इंतजार कर रहे बच्चे को मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। पुलिस को दिए बयान में काकड़ोली निवासी सोनू ने बताया कि वह अपनी सास और अढाई वर्ष के बेटे के साथ बसीरवास आई थी। वापिस लौटते समय वह बसीरवास के स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थी तो एक बाइक सवार रोड के किनारे उसके बेटे को टक्कर मारकर फरार हो गया।



**बवानीखेड़ा।** बॉक्सर को सम्मानित करते सांसद बृजेंद्र सिंह।

### बॉक्सर को सांसद ने किया सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** गांव पुर में हर्षिल गोल्डन ब्वॉय का स्वागत किया गया। हर्षिल ने अंडर 14 आयु वर्ग में नेशनल स्कूली गेम में गोल्ड प्राप्त किया। इस अवसर पर सांसद बृजेंद्र सिंह ने गांव में पहुंचकर हर्षिल का हौसला बढ़ाया और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए हर संभव मदद कर रही है। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी भाई सुरेश ओड और धर्मेंद्र बल्हारा डीपी देवेंद्र रात्रि वह गांव के सरपंच आदि गण में उपस्थित थे।

### ड्यूटी में लापरवाही पर कार्रवाई के आदेश

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर दो महिला बीएलओ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। ज्ञात रहे कि दादरी जिले में मतदान सूची में पुनः निरीक्षण का कार्य जारी है। इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बीएलओ नियुक्त किए गए हैं, जो घर-घर जाकर मतदाता सूची पुननिरीक्षण कर रहे हैं। उन्हें गांव कपूरी के मतदान केंद्र नंबर 51 तथा गांव दातोली के मतदान केंद्र 251 पर नियुक्त बीएलओ की शिकायत मिली थी।

# हड़ताल का असर, दो दिन का बचा तेल सप्लाई नहीं आने से उपभोक्ता परेशान

## राजस्थान से नहीं पहुंचे टमाटर व अमरूद, गैस की सप्लाई भी नहीं आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





**भिवानी।** मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देते और गांव नीमड़ीवाली हाईवे पर नारेबाजी करते ट्रक चालक। फोटो : हरिभूमि

ट्रकों की हड़ताल का असर धीरे.धीरे रोजमर्रा की वस्तुओं पर पड़ने लगी। दो दिन से डीजल-पेट्रोल व गैस की सप्लाई न आने से उपभोक्ताओं के समक्ष परेशानी बढ़ने लगी। हालांकि अभी दो दिनों का पेट्रोल पम्पों पर स्टॉक बचा है,लेकिन अगले एक दो दिनों में तेल की सप्लाई नहीं पहुंची तो भिवानी में भी पेट्रोल पम्प ड्राई हो जाएगें। फिलहाल घरेलू गैस की भी यही स्थिति रही भिवानी में किसी भी गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडरों की सप्लाई नहीं आई। जिसका असर बुध व गुरुवार को देखने को मिलेगा। दूसरी तरफ मंगलवार को राजस्थान के ट्रक अमरूद्ध व टमाटर लेकर नहीं पहुंचे। जिसकी वजह से अगले एक दो दिनों में इसका असर देखने को मिलेगा। फिलहाल हर व्यक्ति की नजर ट्रकों की हड़ताल पर लगी है। यहां यह बताते चले कि भिवानी में रोजाना सवाई माधोपुर से अमरूद्ध लेकर कई गाड़ियां आती है,लेकिन सोमवार को हड़ताल के चलते एक भी गाड़ी नहीं पहुंच पाई।

रविवार को बाद भिवानी में किसी भी गैस एजेंसी पर गैस की सप्लाई नहीं पहुंची। सोमवार को गैस एजेंसी की छुट्टी थी और मंगलवार को कोई भी गाड़ी सिलेंडर लेकर नहीं पहुंची। जिसके चलते एजेंसी संचालक पुराने स्टॉक को ही बांट रहे है। फिलहाल एजेंसियों के पास गिने चुने ही गैस सिलेंडर बचे है। यही स्थिति पेट्रोल व डीजल की है। दो तीन दिनों से तेल की सप्लाई लेकर गाड़ियां नहीं पहुंच रही। ऐसे में अधिकांश पेट्रोल पम्पों पर तेल की मात्रा कम ही बची है। अगले एक या दो दिनों में तेल की सप्लाई नहीं पहुंची तो पेट्रोल पम्प भी ड्राई होने लगेंगे। जिसके चलते किसानों के समक्ष भी नहीं समस्या बन जाएगी। क्योंकि फिलहाल किसान अपने खेतों में फसलों की सिंचाई में जुटे है और सिंचाई के लिए टयूबवैल इंजनों में डीजल तेल का प्रयोग होता है। ऐसे में बिना तेल के उनके खेतों के डीजल पम्प नहीं चलाए जा सकते।

फिलहाल हर कोई सर्दी के सितम से परेशान है। किसी भी व्यक्ति को ट्रकों की हड़ताल से कोई लेना देना नहीं है। जैसे ही लोगों का सर्दी से ध्यान हटेगा। तत्काल उसके बाद सब्जियों की तरफ ध्यान बढ़ेगा तो उनकी कीमतों में बढ़ोतरी होना लाजिमी है। चूंकि मांग सब्जियों की बढ़ेगी,लेकिन पूर्ति घटेगी तो उनकी कीमतों में उछाल आना लाजिमी है। बुधवार के बाद सब्जियों के दामों में उछाल आना आरंभ हो जाएगा।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सड़क दुर्घटना से संबंधित नए कानून को लेकर ड्राइवरों ने मंगलवार को ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के बैनर तले शहीद पार्क में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा कस्बे में विरोध प्रदर्शन करते हुए उपमंडल परिसर पहुंचकर एसडीएम मनोज कुमार दलाल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ऑल ड्राइवर कल्याण संघ भिवानी के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि जो सरकार ने दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति को छोड़कर भाग जाने पर ड्राइवर को 10 साल की होने वाली सजा और 5 लाख रुपए दंड स्वरूप भुगतान करने का नया कानून लागू किया है यह सरकार द्वारा अनुचित तरीके से भारत के 22 करोड़ चालकों के गले में फांसी का फंदा पहनाने के समान है। उनका कहना था कि संपूर्ण भारत के ड्राइवर इस कानून के खिलाफ हैं और सभी ड्राइवर भारी रोष व आक्त्रोश में है। मनोज कुमार ने कहा कि पिछले 77 सालों से भारतीय ड्राइवर को इंसाफ नहीं मिला और एक नया कानून थोपकर ड्राइवर की जिंदगी छीनने का महापाप अर्थात ड्राइवर के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है।

## पांच हजार ट्रकों के थमे पहिये, फ्रूट और सब्जियों के रेट बढ़ने के आसार

**चरखी दादरी।** हिट एंड रन कानून के विरोध में चालकों की हड़ताल से जिलाभर में करीब 5 हजार ट्रकों के पहिये थम गए। मंगलवार को हड़ताल का असर अधिक देखने को मिला। हड़ताल का असर अब आप जनता पर पड़ सकता है। चूंकि दूसरे स्टेट से फ्रूट की सप्लाई दो दिन से बंद होने से मंगाई बढ़ने लगी है। सब्जियों के दाम भी मंगलवार को बढ़ गए। ज्ञात रहे कि सरकार ने सड़क दुर्घटना में कमी लाने के मकसद से हिट एंड रन कानून लागू किया है।जिसके विरोध में चालाक दो दिन से हड़ताल पर हैं। हड़ताल का असर दादरी जिला में भी पड़ा है। जिला का माइनिंग जॉन पूरी तरह से प्रभावित हुआ है। फ्रूट व सब्जियों की सप्लाई बाधित हुई है। ऐसे में फ्रूट व सब्जियों के दाम बढ़ रहे हैं। दादरी जिला के माइनिंग जॉन से कई प्रदेशों में रोड़ी व क्रेशर की सप्लाई होती है, लेकिन हड़ताल की वजह से पिछले 2 दिन से सप्लाई बंद है। चालाक सड़कों पर चलने वाले दूसरे ट्रक व डंफर को भी रोक रहें हैं। कुछ जगहों पर ट्रक चालक के साथ हड़ताली चालकों द्वारा मारपीट व चाबी छीनने की घटना घटी। क्रेशर संचालक विजय ने बताया की चालकों की हड़ताल का असर काम पर पड़ा है। माइनिंग जॉन में 4 हजार गाड़ियां चलती हैं, जो फिलहाल पूरी तरह से बंद हैं। क्रेशर की सप्लाई बंद है। वहीं मंगलवार को ड्राइवर की हड़ताल का असर सब्जी मंडी में भी देखने को मिला। फलों के भाव में मंगलवार को 10 रुपए की बढ़ोतरी हुई तो सेब का भाव 20 रुपए बढ़ने से आम जनता पर बोझ बढ़ गया। दूसरे फ्रूट भी कल से बढ़ सकते हैं। मंडी आढ़ती शंकर ने बताया कि 2 दिन से फलों की सप्लाई बंद है। जिसके कारण मंहगाई बढ़ी है। पंप संचालकों ने बताया कि मंगलवार को डीजल व पेट्रोल की सप्लाई बंद रही। अगर बुधवार तक सप्लाई नहीं हुई तो स्टोक खत्म हो जाएगा। मंगलवार को दो पंपों पर पेट्रोल खत्म हुआ चुका है। बुधवार तक जिलाभर के पंपों पर स्टॉक खत्म होने के आसार बन गए हैं।

### तीन दिवसीय चक्का जाम के तहत दूसरे दिन भी डटे रहे ट्रक ड्राइवर

हालही में संसद में ट्रक ड्राइवरों के लिए लाए गए नए कानून के विरोध में देश भर के ट्रक ड्राईवरों में गुस्सा है तथा वे सरकार से इस काले कानून को रद्द करने की मांग उठा रहे है। इसी काले कानून के विरोध में ड्राईवरों द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी चक्का जाम का आह्वान किया गया था, जिसके तहत मंगलवार को दूसरे दिन भी ड्राईवर अपनी हड़ताल पर डटे रहे। इसी कड़ी में इस काले कानून के विरोध में एनएच.148बी पर गांव निमड़ीवाली में ड्राईवरों का विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान ड्राईवरों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा जल्द से जल्द इस काले कानून को वापिस लेने की मांग की। हड़ताली ड्राईवरों को संबोधित करते हुए भाकियु जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन ट्रक ड्राईवरों की मांग को पहले ही समर्थन दे चुकी तथा सरकार से इस काले कानून को जल्द रद्द करने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि इस नए कानून के तहत ट्रक से हादसा होने पर ट्रक ड्राइवर द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना होगा। यही नहीं ड्राइवर द्वारा घायल को छोडक़र भागने पर 10 वर्ष की सजा एवं 10 लाख रुपये तक जुर्माना तथा अस्पताल ले जाने पर पांच लाख रुपये का जुर्माना व पांच वर्ष तक की सजा का प्रावधान है, जो कि बिल्कुल गलत है तथा इस कानून का कोई औचित्य ही नहीं बनता।

## लोहारू डिटेक्टिव स्टाफ ने 140 पेटी अवैध शराब के साथ पकड़ी पिकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला आईपीएस के द्वारा जिले में अवैध शराब के कारोबार पर शिकंजा कसने के निर्देश दे रखे हैं। उसी कड़ी में डिटेक्टिव स्टाफ को बड़ी कामयाबी मिली है। डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की टीम ने नाकाबंदी करके बहल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बोलेरो कैंपर गाड़ी को 140 पेटी अवैध देशी शराब के साथ काबू किया है तथा कैंपर से एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है।

मामले में बहल थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लोहारू डिटेक्टिव थाना इंचार्ज कृष्ण कुमार मलिक ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि एक बोलरो



कैंपर गाड़ी में बिना लाइसेंस के अवैध शराब भरकर चैहड़ कला की तरफ ले जाई जा रही है। पुलिस ने तुरंत सडक़ मार्ग पर नाकेबंदी कर दी और एक बोलेरो कैंपर गाड़ी को चैहड़ कला में काबू कर लिया। हालांकि गाड़ी का चालक मौके से फरार हो गया। लेकिन गाड़ी के सह चालक को काबू कर लिया गया। गाड़ी में 140 पेटी अवैध शराब भरी हुई थी।

## हरियाणा सांझा मोर्चा ने हिट एंड रन कानून के विरोध लिया फैसला, दो घंटे का विरोध प्रदर्शन आज

**भिवानी।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, महासचिव सुमेर सिवाच, उपमहासचिव पवन शर्मा, नवीन राणा, राज्य उपप्रधान जयकुवार दहिया तथा राज्य सचिव कृष्ण ऊण ने संयुक्त प्रेस बयान में कहा कि भारतीय संसद तथा गृह मंत्रालय द्वारा जो न्याय संहिता कानून 2023 पास किया गया है, जिसके विरोध में तीन जनवरी को दो घंटे का विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

- नए कानून को लेकर हरियाणा रोडवेज के चालकों व कर्मचारियों में भारी रोष

उन्होंने कहा कि उसमें सड़क पर वाहन चालकों पर दुर्घटना होने पर सात लाख रुपये का भारी जुर्माना तथा दस साल की जेल की सजा का प्रावधान के कारण पूरे देश के वाहन चालकों के साथ-साथ हरियाणा रोडवेज के चालकों व कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे ज्यादा नुकसान सार्वजनिक परिवहन सेवा में लगे चालकों को भुगतना पड़ेगा। हरियाणा रोडवेज भी सार्वजनिक परिवहन सेवा का विभाग है, रोडवेज में हजारों चालक कार्यरत हैं जो रोजाना 10 से 12 घंटे दिन रात बसों को चलाकर लाखों यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाते हैं। रोजाना दिन रात सड़कों पर वाहन चलाते हुए पूरे प्रशिक्षण व पूरी सावधानी के बावजूद भी दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है।

## दो युवकों ने रक्तदान कर बचाई गर्भवती की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

इलाज की सुविधा होने के बाद भी कई बार लोगों के जीवन की डोर सिर्फ इसलिए टूट जाती है, क्योंकि उन्हें समय पर खून नहीं मिलता, रक्तदान से किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है, आज भी लोग गलत धारणाओं के कारण रक्तदान करने में हिचकते हैं, जबकि रक्तदान करने से रक्तदाता को कई गंभीर बीमारियों से बचाव होता है। मंगलवार को निजी अस्पताल में गर्भवती महिला के लिए दो यूनिट बी पॉजिटिव फ्रेश ब्लड की जरूरत पड़ी तो संदीप दिनोदिया व देवेंद्र सिंह ने आगे बढ़कर रक्तदान किया। रक्तवीर राजेश डुडेजा ने लोंगो से अपील की कि रक्तदान महादान होता है,



**भिवानी।** रक्तदान करते रक्तदाताओं को बैज लगाते रक्तवीर डूडेजा। फोटो : हरिभूमि

रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती, इसलिए इस पुण्य कार्य में बढ़चढ़कर भाग लें। रक्तवीर डुडेजा ने संदीप दिनोदिया व देवेंद्र सिंह का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. मंदीप पंघाल, लैब टेक्नीशियन राहुल तंवर व योगेश मौजूद रहे।

## साथी के साथ अपने ही परिवार की महिला को बनाया हवस का शिकार, पति गया था बाहर, केस दर्ज

**भिवानी।** नए साल की रात को रंगीन बनाने के लिए दो बुजुर्ग दोस्तों ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी। हवस के दरिंदों ने अपने ही परिवार की एक महिला को हवस का शिकार बनाया। फ़िलहाल दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर की रात को पूरा देश नए साल का स्वागत करते हुए जश्न में डूबा था। वहीं इसी समय भिवानी में एक बुजुर्ग ने नए साल की रात को रंगीन बनाने के लिए अपनी उम्र व रिश्तों को ताक पर रखकर अपने साथी के साथ अपने ही परिवार की एक महिला को हवस का शिकार बनाया। पीड़ित महिला ने किसी तरह डायल.112 पर फ़ोन कर पुलिस को बुलाया और शिकायत दर्ज कराई। औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को अगले ही दिन धर दबोचा। थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर विशेष ने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच की गई। जिसके बाद आरोपी राजकुमार व राम प्रसाद को गिरफ़्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। वही थाना प्रभारी विशेष ने बताया कि दुष्कर्म का एक आरोपी पीड़ित महिला के परिवार में ही है। जिसने महिला के पति के बाहर जाने पर उसे घर में अकेला पाया तो उसे उसकी जेठानी से मिलवाने के बहाने बहला फुसलाकर ले गया।

- औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ़्तार

## वाहन चालक यातायात के नियमों का करें पालनः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

हर व्यक्ति को यातायात नियमों का पूर्णरुप से पालन करना चाहिए और दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट जरूर लगाना चाहिए, जिससे वाहन चालक के साथ साथ अन्य राहगीरों की भी सुरक्षा व बचाव होता है। उपायुक्त मंगलवार को परशुराम चौक पर सड़क सुरक्षा समिति की ओर से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर रही थी। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है।

स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के मद्देनजर सभी को नियमों का पालन करना चाहिए। दोपहिया वाहनों चालकों को हेलमेट लगाने पर विशेष फोकस करना चाहिए। देखने में आया है कि सड़क दुर्घटना के दौरान बिना हेलमेट के चालक को ज्यादा नुकसान होता है। ऐसे में स्वयं और अपने परिवार की भलाई के लिए हेलमेट जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि आज चालकों को हेलमेट वितरित किए गए हैं।



**भिवानी।** सोमवार को दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट देती उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

भविष्य में बिना हेलमेट के चालकों के पहले चालान काटे जाएंगे और उसके बाद उनको हेलमेट दिए जाएंगे।

### वाहनों पर लगाई रिफलेक्टिव टेप

उपायुक्त कौर ने बताया कि सड़क सुरक्षा समिति द्वारा आरटीए कार्यालय को 13 लाख रुपये आबंटित किए गए हैं, जिनमें से पांच लाख 48 हजार 500 रुपये की खरीद की जा चुकी है। इनमें 216 हेलमेट, 500 गाय बेल्ट और 20 रोल रिफलेक्टिव टेप शामिल हैं। इसके अलावा चालान करने के लिए चार टैब भी खरीदे गए हैं। वहीं धुंध को देखते हुए अभी तक लगभग 600 वाहनों पर रिफलेक्टिव टेप और 100 गायों को बेल्ट लाए जा चुके हैं।

### 2023 में 1196 के काटे चालान

उपायुक्त ने बताया कि 2023 में पुलिस विभाग की ओर से 1196 बिना हेलमेट के चालान किए गए हैं। आरटीए कार्यालय की ओर से 3805 ओवरलोड व अवैध वाहनों के 13 करोड़ 11 लाख 19 हजार रुपये वसूले गए।

### गांव शेहर और ढाणी टोडा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## स्क्रीन पर ग्रामीणों ने सुने पीएम-सीएम के संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को लोहारू क्षेत्र के गांव शेहर और ढाणी टोडा में पहुंची। ग्रामीणों ने संकल्प यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश सुनाया गयाए जिसमें ग्रामीणों ने बड़ी गौर से सुना।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बीडीपीओ धर्मपाल व जिला परिषद के वाईस चेयरमैन प्रतिनिधि संजय जांगड़ा मुख्यरूप से शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई। कार्यक्रमों में





**लोहारू।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्टालों का निरीक्षण करते संजय जांगड़ा व अन्य अधिकारी।

- कार्यक्रम में बीडीपीओ व जिप के वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि मुख्यरूप से शामिल हुए।

स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग ने लोगों को सर्दी के बढ़ते प्रकोप के कारण सावधानी बरतने के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस कनेक्शन, चूल्हा व रेगूलेटर आदि दिए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन के साथ.साथ महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को मौजूदा समय में सर्दी के प्रकोप से हो रहे बुखार खांसी से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिलाओं को उनके सही पोषण के साथ.साथ विभाग द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। विभाग की अधिकारियों ने महिलाओं को नवजात बच्चों के स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने को कहा। उन्होंने किशोरियों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी बातें बताई। कार्यक्रम के दौरान ड्रोन दीदी के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया कि आयुष दवा बड़ी ही कारगर होती हैं और इनका शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची गांव गोकलपुरा, योजनाओं के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा गोकलपुरा व अमीनपुर गांव में पहुंची। कार्यक्रम में ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों में लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया।

मंगलवार को यात्रा में बीडीपीओ विनोद सांगवान मुख्यातिथि रहे। यात्रा में बीडीपीओ व संबंधित गांव के सरपंचों ने ग्रामीणों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केंद्रित है।

यात्रा के माध्यम से गरीब वर्गों, महिलाओं, युवाओं, किसानों व मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीम की जानकारी जन जन तक पहुंचाई जा रही है ताकि लोगों में जागरूकता आए और वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में जनता से सीधे रूप से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों के आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता व अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य कार्य के लिए मौके पर ही आवेदन लिए गए।

## खबर संक्षेप

### पानीपत में भगवा यात्रा में उत्पात की चेष्टा

**पानीपत।** पानीपत के गांव सनौली में नव वर्ष व अयोध्या स्थापना के उपलक्ष में भगवा यात्रा निकाली गई। इस दौरान क्षेत्र के एक समुदाय विशेष का धार्मिक स्थल भी आया। जहां युवकों ने डीजे, टैक्टरों के स्पीकरों पर ऊंची आवाज में धार्मिक गाने बजाए। इतना ही नहीं यहां भगवे रंग के धार्मिक झंडे को भी लगातार फहराया गया। जिसकी स्थानीय लोगों ने वीडियो भी बना ली।

### पांच को वीआईपी नम्बरों की होगी खुली बोली

**करनाल।** एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने बताया कि करनाल अथॉरिटी में बी.के. सीरीज समाप्त हो चुकी है। आगामी 5 जनवरी 2024 को बीएल की सीरीज प्रारम्भ की जा रही है। उन्होंने बताया कि वीआईपी नम्बरों की खुली बोली 5 जनवरी को की जाएगी। जो भी व्यक्ति वीआईपी या अन्य नंबरों की बोली देना चाहता है वह उक्त तिथि को प्रातः 10 बजे एसडीएम करनाल कार्यालय में उपस्थित होकर बोली दे सकते है।

### मकान के ताले तोड़कर जेवरात व रुपये उड़ाए

**घरौंडा।** गांव शेखपुरा खालसा में एक़ मकान के ताले तोड़कर सोने के जेवरात व लगभग 22 हजार रुपये की नकदी चोरी करने का मामला सामने आया है । मकान मालिक शेखपुरा खालसा निवासी रामनिवास ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

### किशोरी से दुराचार करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र में किशोरी से दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी दलीप कुमार को गिरफ्तार किया है। किशोरी की मां ने 1 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 दिसंबर 2023 को आरोपी दलीप ने उसकी 13 वर्षीय पुत्री से दुराचार करने का अपराधिक कार्य किया है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, दिन भर नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

पिछले कई दिन से जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा पड़ने व आसमान में दिन भर धुंध के बादल छाए रहने और शीतलहर चलने का प्रकोप नव वर्ष के दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को भी जिले में दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, बुजुर्ग व लोग बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। वहीं, जिले के तापमान में भी दिनों दिन गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अभी अगले एक सप्ताह तक मौसम में और ज्यादा ठंड बढ़ने की उम्मीद है।

■ आसमान में दिन भर छाए रहे धुंध के बादल और चलती रही शीतलहर




**यमुनानगर।** मंगलवार को मौसम में ठंडक बढ़ने से अलाव जलाकर सेंकते हुए लोग व आसमान में छाए हुए धुंध के बादल।

### निमोनिया, खांसी व जुखाम से पीड़ित होने लगे लोग

मौसम में ठंड बढ़ने से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग निमोनिया, खांसी व जुखाम आदि बीमारियों से पीड़ित होने लगे हैं। चिकित्सकों ने बच्चों और बुजुर्गों को अधिक ठंड में बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। यदि जरूरी है तो गर्म कपड़े लपेट कर ही बाहर निकलें। इस दौरान पानी को गर्म करके पीएं और ठंडी वस्तुओं के खाने से परहेज करें। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गुप्ता ने छोटे बच्चों के खान पान में ऐहतियात बरतने व उन्हें उबला हुआ पानी पीने को देने की सलाह दी। उधर, ठंड बढ़ने से पशु भी बीमार होने लगे हैं। जिन्हें हीट देकर किसी तरह ठंड से राहत दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

### तापमान में आई गिरावट

जिले मंगलवार को तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। इस दौरन जिले का अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान घटकर 6 डिग्री सेल्सियस रह गया।

### अलाव पर सेंककर निपटा रहे काम धंधे

मंगलवार को भी सुबह के वक्त जिले में घना कोहरा छाया रहने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। अधिकांश लोग घरों में ही दुबकने को मजबूर हो गए। इस दौरान लोगों को उम्मीद थी कि दोपहर तक कोहरा छंट जाएगा और सूर्य देव के दर्शन होंगे। मगर दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। दोपहर तक कोहरा तो कुछ कम हुआ । मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीतलहर चलने से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। लोगों ने किसी तरह अलाव जलाकर अपने कामधंधे निपटाए। मजदूरों का तो कड़ाके की ठंड में और भी बूरा हाल हो रहा है। मंगलवार को अलाव पर सेंक रहे मजदूर सूरता राम व गोपाल का कहना था कि वह मजदूरी करके अपने बच्चों का पेट पाल रहे हैं। यदि मजदूरी नहीं करेंगे तो उनके यहां भोजन के लाले पड़ जाएंगे। मजबूरी है उन्हें हाड़ गलाने वाली ठंड में भी मजदूरी करनी ही पड़ती है। ठंड से राहत पाने के लिए वह कुछ देर अलाव जलाकर हाथ सेंक लेते हैं और फिर काम पर लग जाते हैं। वहीं, दुकानदार भी हीटर पर सेंककर ग्राहकों की दिन भर दुकानों पर बैठकर बाट जोहने को मजबूर हैं। पिछले कई दिन से बाजारों में ग्राहकों की आवक भी कम दिखाई दे रही है।

# पानीपत के गांव नारा में ग्रामीण की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पानीपत के गांव नारा में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मतलौडा थाना पुलिस को दी शिकायत में शमशेर निवासी गांव जोशी जिला पानीपत ने बताया कि एक जनवरी की सुबह करीब 11 बजे उसके चाचा राजीव उर्फ खुशीराम गांव में स्थित अपनी किरयाना की दुकान में बैठा हुआ था। हालांकि दुकान उसने किसी को किराए पर दी हुई है। इसी दौरान दुकान पर काला और धर्मा निवासी गांव नारा अपनी बाइक पर सवार होकर आए। उन्होंने राजीव को अपनी बाइक पर बैठाया व वहां से गांव नारा की ओर शराब ठेका पर ले गए। जहां से उन्होंने शराब ली। इसके बाद बाइक को काला चला रहा था। बीच में राजीव को बैठाया व पीछे धर्मा पीछे सवार हो गया। तीनों वहां से गांव नारा स्थित सुरजीत के खेत में बने कोठा ट्यूबवेल पर चले गए। जिसे राम मेहर ने ठेके पर लिया हुआ है। जहां राजीव को राम मेहर, धर्मा व काला ने मिलकर शराब पिलाई। इसके बाद तीनों की आपस में कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर राजीव की हत्या कर ट्यूबवेल की पानी से भरे हौद में डालकर फरार हो गए। शाम करीब साढे छह बजे परिजनों को शव पड़ा होने के बारे में पता लगा। परिजनों की सूचना पर थाना मतलौडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव की जांच की। पुलिस ने एफ एस एल की टीम से भी घटना स्थल शव की जांच कराई।

■ आरोपी हत्या कर शव को ट्यूबवेल की पानी से भरे हौद में डालकर फरार हो गए

वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजीव का शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने राजीव की हत्या के आरोप में राम मेहरए धर्माए और काला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जलधारा तपस्या के समापन पर भंड़ारे का आयोजन

**समालखा।** कड़ाके की ठंड मे कई बार एक माह तक 108 मटकों की जलधारा की तपस्या पूर्ण कर चुके श्री धूणा गोरख नाथ मंदिर देहरा के भगत विनोद नाथ द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस बार भी नये साल के मौके पर सोमवार को सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन.यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगत विनोद नाथ ने नाथ समप्रदाय की उत्पति एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरू रामनाथ व नफे सिंह रामनाथ के मार्गदर्शन में उनकी तपस्या पूर्ण हुई हैं। हवन.यज्ञ के उपरांत अटूट भंडारे का भी आयोजन किया गया तथा मंदिर की ओर से 216 महिलाओं व 50 पुरूषों गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल आदि गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस मौके पर संजय सैनी, आनन्द, ओमप्रकाश, रणधीर पावटी, रमेश डिकाडला, संदीप, कप्तान कैथल आदि थे।

■ सर्वसमाज की सुख व समृद्धि की कामना से हवन .यज्ञ का आयोजन किया गया

# जनहित तक पहुंचाएं सरकार की योजनाएं : ढांडा

## राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने किया यमुनानगर शहर का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

हरियाणा महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने मंगलवार को नगर निगम यमुनानगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। कई स्थानों पर बारीकी से जांच की। जांच में सब कुछ ठीक पाया। उन्होंने शहर की उचित सफाई व्यवस्था मिलने पर मेयर मदन चौहान व निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के कार्य की सराहना की। साथ ही निगम अधिकारियों की पीठ थपथपाई।

मंगलवार को हरियाणा महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने नगर निगम यमुनानगर के क्षेत्र में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं जांची। इसके बाद राज्यमंत्री काफिले के साथ अचानक नगर निगम कार्यालय पहुंची। मंत्री को देखकर अधिकारी व कर्मचारी हैरान रह गए। सबसे पहले मंत्री नगर निगम के परिवार पहचान पत्र डेस्क पर गई। यहां तैनात कर्मचारी सिद्धार्थ, अंकिता व अन्य से विस्तार से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि परिवार पहचान पत्र में किसी तरह की कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। कर्मचारियों ने उन्हें परिवार पहचान पत्र बनाने की कार्यप्रणाली व वर्क रिपोर्ट के बारे में अवगत कराया।

मौके पर राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने अपने कार्य के लिए आए लोगों से भी बातचीत की। आजाद नगर के मुकेश कुमार, ग्रीन पार्क के बलदेव कुमार, महिला नीलम से बातचीत की। इस दौरान मेयर मदन चौहान ने मंत्री को बताया कि नगर निगम यमुनानगर में शहरवासियों की सुविधा के लिए विशेष हेल्प डेस्क शुरू कराया गया है। एक ही छत के नीचे शहरवासियों को परिवार पहचान पत्र, परिवार पहचान पत्र में आय, जाति,नाम, मोबाइल नंबर आदि तस्दीक एक ही डेस्क पर हो रही है। यह डेस्क प्रदेश के नगर निगमों की पहला डेस्क है। इससे पहले शहरवासियों को इस संबंध में अलग अलग विंग में जाना पड़ता था। इस बारे में वे मुख्यमंत्री से बात करेंगी ताकि प्रदेश के अन्य नगर निगम कार्यालयों में भी इस तरह की सुविधा की जाए। यहां से मंत्री ढांडा नागरिक सुविधा केंद्र में पहुंची।



यमुनानगर में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करती हुई राज्यमंत्री कमलेश ढांडा।

### अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने नगर निगम कार्यालय में निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी को मिलना चाहिए। मौके पर नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, महामंत्री कृष्ण सिंगला, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, संयुक्त निगम आयुक्त नीलम मेहरा, उप निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त डा. विजय पाल यादव, अधीक्षण अभियंता हेमंत कुमार, एक्सईएन विकास धीमान व अन्य मौजूद रहें।

# जीजा ने किया नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म

## गर्भवती होने पर हुआ मामले का खुलासा

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

जगाधरी की एक कॉलोनी में जीजा ने अपनी नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म किया। जब लड़की पांच माह की गर्भवती हुई तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदातल में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर किया गिरफ्तार

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लड़की के मामा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जगाधरी की एक कॉलोनी में रहता है। उनके पास ही उसकी बहन अपने बच्चों के साथ रहती है। उसने अपनी बड़ी भांजी की शादी गगन के साथ की थी।

कुछ दिन पहले उसकी छोटी 17 वर्षीय भांजी के पेट में दर्द हुआ। जब वह उसे डॉक्टर के पास लेकर गए तो पता चला कि वह पांच माह की गर्भवती है। जब उन्होंने अपनी भांजी से पूछा तो उसने बताया कि उसके जीजा गगन ने पांच माह पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था।

उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी गगन के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा का कुवि में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमारी एकता के अंदर विविधताएं छिपी हुई हैं। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना कश्मीर हो या हरियाणा हम सभी को एक सूत्र में बांधती है। हाल ही में जी-20 की अध्यक्षता का ध्येय वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम द्वारा पूरे विश्व को एक परिवार माना गया। वे मंगलवार को सीनेट हॉल में मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. गुरचरण सिंह व कुंटिया प्रधान रजवंत कौर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पूरे भारतवर्ष की भावना है कि हम सभी एक हैं उसी एकता में ही विविधता है और यही हमारी संस्कृति की विशेषता विश्व में हमें विशेष स्थान दिलाती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक यात्रा का उद्देश्य नारी को सम्मान यह हमारी संस्कृति में निहित है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने कहा कि इस तरह सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है।

■ सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से विद्यार्थियों को दूसरे प्रदेश की लोक संस्कृति व परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है



कुरुक्षेत्र। यात्रा में शामिल सदस्यों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### 100 विद्यार्थियों का दल विश्वविद्यालय में पहुंचा

युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय एकता मिशन को लेकर कश्मीर से कन्याकुमारी जाने वाला लगभग 100 विद्यार्थियों का यह दल आज विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचा है। मंच का संचालन डॉ. आबिद अली ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. डीएस राणा, कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती, इंडियन मीडिया सेंटर के जनरल सेक्रेटरी नरेन्द्र, निदेशक महासिंह पूनिया, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. वीरेन्द्र पॉल, डॉ. गुरचरण सिंह, विकास बतान, डॉ. सुशील टाया, कुंटिया प्रधान रजवंत कौर, डॉ. हरविन्द्र राणा, रविन्द्र तोमर सहित एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थी मौजूद थे।

# चेयरमैनी दिलवाने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी मामले का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ की धोखाधडी करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट की टीम ने खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर करीब 1.5 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोप में चैन सिंह गौतम पुत्र मंगत राम वासी रतपुरा कॉलोनी पिंजोर जिला पंचकूला को गिरफ्तार किया है। शिकायत में हरबीर सिंह पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी रतनगढ़ थाना शाहबाद जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसका करनाल वासी रोशन शर्मा के घर आना-जाना था। जिसने उसे कहा कि हम आपको हम हरियाणा सरकार में खादी ग्राम आयोग की चैयरमैन शीप वा हरियाणा सरकार में आरो वॉटर सिस्टम का टेंडर दिलवा देगे तथा हरियाणा सरकार के उच्च अधिकारियों से आपकी मुलाकात भी करवा देंगे। जिसपर रोशन शर्मा ने शाहाबाद के अमन हॉटल में उसकी मुलाकात व बारु राम, चैन सिंह गोतम, मीना देवी व उमेश कुमार से करवाई।

■ खादी ग्राम आयोग का चेयरमैन बनाने के नाम पर की धोखाधड़ी

### अलग-अलग तारीखों में रुपये आरोपियों को दिए

गोतम ने अपने आप को चीफ अंडर सैक्रेट्री हरियाणा सरकार बताया। जिन्होंने खादी ग्रामीण आयोग की चैयरमेनी के लिए दो करोड़ रुपये तथा हरियाणा आरों वॉटर सिस्टम टेंडर दिलवाने के लिए 75 लाख रुपये टोकन मनी के रूप में एडवास देने की मांग की। उसने उनपर विश्वास करके चेयरमैनी, टेंडर दिलवाने तथा रिश्तेदारों को नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग तारीखों 1 करोड़ 51 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए।



**अंबाला।** गन्ने की होली जलाते धरनारत किसान। फोटो : हरिभूमि

### किसानों ने गन्ने की होली जलाकर जताया विरोध

नारायणगढ़। गन्ना मिल की कुर्की व किसानों के बकाया के मुद्दे पर किसानों का धरना निरंतर चल रहा है। एसडीएम ऑफिस पर कड़ाके की ठंड के बावजूद मंगलवार को भी भारी संख्या में किसान धरने पर डटे रहे। किसानों का कहना है कि सरकार और प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रही। अगर मिल नीलाम होता है तो गन्ना किसानों के बकाया और जो गन्ना उन्होंने मिल को दिया उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। सरकार और प्रशासन के रवैया से नाराज किसानों ने मंगलवार को गन्ने की होली जलाने का निर्णय लिया। सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए किसानों ने एसडीएम दफ्तर के सामने गन्ने की होली जलाई। शहीद भगत सिंह भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष विक्रम राणा ने कहा की सरकार और प्रशासन अपनी जिम्मेवारी से भाग रहे हैं। अगर किसानों का पैसा दिलवाने की जिम्मेदारी प्रशासन की नहीं है तो फिर सरकार और प्रशासन की जरूरत क्या है? मजबूरी में किसान अपनी फसल की होली जला रहे हैं। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने कहा की यह मजबूरी किसानों की है कि एक साल तक जिस फसल को वह अपने बच्चों की तरह पालता है उसकी वह होली जला रहा है। किसानों ने मजबूरी में अपनी फसल की होली जलाई क्योंकि सरकार और प्रशासन के रवैया से ऐसे हालात पैदा हो गए । अगर किसान अपनी फसल को मिल में लेकर जाता है और उसको पैसा नहीं मिलता तो छुलाई और मिल तक पहुंचाने का खर्च भी उसको घर से करना पड़ता है। ऐसे में बेहतर है कि किसान अपने बच्चों की तरह पाली हुई फसल को आग ही लगा दें। मिल अगर नीलाम होती है तो किसानों के पैसे की जिम्मेदारी जो कानूनन प्रशासन और सरकार की है। उस जिम्मेवारी को भी लेने से सरकार और प्रशासन पल्ला झाड़ रहे हैं।

## प्रदेश सरकार ने जनवरी 2024 से वृद्धा सम्मान भत्ता में की बढ़ोतरी : विस अध्यक्ष

# अब लाभार्थियों को पेंशन के रूप में प्रति माह मिलेंगे 3 हजार रुपये

■ गांव फतेहपुर के सामुदायिक केंद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पंचकूला

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वृद्धा सम्मान भत्ता योजना को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा गया है। परिवार पहचान पत्र के अनुसार व्यक्ति की आयु 60 वर्ष होते ही आटोमोड में लाभार्थी की पैंशन स्वतः ही बन जाती है और उसे कार्यालय में जाने की आवश्यकता नही पड़ती। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा वृद्धा सम्मान भत्ता योजना के तहत मिलने वाली राशि को जनवरी 2024 से 2750 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया है।

गुप्ता आज गांव फतेहपुर के सामुदायिक केंद्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल और नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता भी मौजूद रहे।

गुप्ता ने कहा कि वृद्धा सम्मान भत्ता योजना के साथ साथ अन्य सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि को भी बढाकर 3000 रुपये प्रतिमाह किया गया है। इस मौके पर गुप्ता ने वृद्धा सम्मान भत्ता योजना के लाभार्थियों दिलीप सिंह, ईश्वर चंद और रानी देवी, लाडली पैंशन योजना की लाभार्थी कौशल्या और विधवा पैंशन योजना की लाभार्थी लीलावती को पैंशन सर्टिफिकेट वितरित किए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि केद्र और राज्य सरकार द्वारा गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं लागू की गई है। गरीब माताओं, बहनों को चुल्हें पर भोजन पकाते समय निकलने वाले धुएं से परेशानी का सामना न करना पडे इसके लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना शुरू की गई। इस योजना के तहत देश में 13 करोड लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर और चूल्हे की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस मौके पर गुप्ता ने योजना की 2 लाभार्थी रूबी और गीता को सिलेंडर और चूल्हा भेंट किया। उन्होने लोगों से आहवाहन किया कि कोई भी पात्र लाभार्थी विकसित भारत योजना के तहत संबंधित विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर जाकर अपना पंजीकरण करवाकर सुंविधा का लाभ ले सकता है।

गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और यह तभी पूरा हो सकता है जब पंक्ति में खडे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसी उदेश्य की पूर्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनंसवाद के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाडी प्रत्येक गांव और वार्ड में जाकर लोगो को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रही है।

इसके अलावा सरकार आपके द्वार अवधारणा के तहत विभिन्न विभागों द्वारा स्टालस लगाकर लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने में आ रही समस्याओं के समाधान करने के साथ साथ उन्हें मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा रहा है ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

### सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रहा योजनाओं का लाभ

गुप्ता ने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति पैसे के अभाव में ईलाज से वंचित न रहे, इसके लिए आयुष्मान योजना लागू की गई। इस योजना के तहत गरीब और बीपीएल परिवार के लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों में सालाना 5 लाख रूप्ये तक की निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस योजना के तहत देश में 40 करोड लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। उन्होने कहा कि जन- धन योजना के तहत देश में करोडो लोगों के बैंक अकाउंट खोले गए। विपक्ष द्वारा कहा गया था कि अकाउंट तो खोल दिए गए पर पैसा कंहा से आएगा। गुप्ता ने कहा कि पूर्व की सरकारों में योजनाओं के तहत पूरी राशि लाभार्थियों तक नही पहुंच पाती थी, परंतु आज सामाजिक सुरक्षा भत्ता योजना, किसान सम्मान निधि सहित अनेकों योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खाते में जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है,

### विकसित भारत की शपथ दिलवाई

इस मौके पर गुप्ता ने शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृठ प्रर्दशन करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होने आयुष्मान योजना के तहत 2 लाभार्थियों सुमन और प्रोमिला को योजना के सर्टिफिकेट वितरित किए। उन्होने उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त रिचा राठी, जिला परिषद के सीईओ गगनदीप सिंह, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजिता मेहता, पार्षद हरेंद्र मलिक, जय कौशिक, सुनित सिंगला, सुशील गर्ग, यात्रा के जिला सयोजक राजेंद्र नौनीवाल और एसपी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कुलदीप तिवाणा, युवराज कौशिक के अलावा गौतम प्रसाद, अशोक वालिया, शंभुनाथ, दीपक शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### छात्रों को अच्छी आदतों के बारे किया जागरूक

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का आरम्भ योग और पीटी से कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार द्वारा करवाई गई। प्राचार्या संतोष भाकर के मार्गदर्शन में द्वितीय सत्र में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. उमेद कुमार भुक्कल व डॉ. कृष्ण कुमार यादव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने वालंटियर को व्यक्तिगत स्वच्छता, जीवन शैली अच्छी आदतों इत्यादि विषयों पर अपना विशेष व्याख्यान दिया ।

### बीईओ ने पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राकवमावि में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ओफ्फेंसेस एक्ट 2012 ;पोक्स को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सीडीपीओ उर्मिल कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा ने शिरकत की।

### सामूहिक पशुधन बीमा योजना का लाभ उठाएं

**चरखी दादरी।** पशुपालन करने वाले लोगों के लिए पशुधन बीमा योजना बेहतर तरीके से कारगर साबित हो सकती है। योजना के तहत पशुपालक अपने पशुओं का बीमा आसानी से करवा सकते हैं और कोई दुर्घटना होने पर बीमा की रकम भी मिलती है। उपायुक्त मनदीप कौर ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### रेडक्रॉस सोसायटी ने वितरित किए कंबल

**भिवानी।** उपायुक्त नरेश नरवाल एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में रेडक्रास सोसायटी ने विभिन्न स्थानों पर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों कंबल वितरित किए ताकि सर्दी से बचाव हो सके। इन दिनों कड़ाके की ठंड हो गई है।

### स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए किया प्रेरित

**बहल।** आजादी के अमृत महोत्सव पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। विद्यालय प्राचार्य राजेश झाझड़िया ने स्वयंसेवकों को शिविर में समाजसेवा के कार्यों के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिविर से उनको जीवन में अनुशासन, कर्त्तव्यनिष्ठा व देश प्रेम की सीख मिलेगी।

### बाल सेवा आश्रम में बच्चों संग मनाया नववर्ष

**भिवानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उपायुक्त नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में बाल सेवा आश्रम में नव वर्ष के आगमन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के साथ नव वर्ष मनाया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार ने की। कार्यक्रम में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर बच्चों ने केक काटा।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के कार्यक्रमों का आगाज

**भिवानी।** अयोध्या में होने वाले श्रीरामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत हनुमान जोहड़ी मंदिर में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले 21 दिवसीय कार्यक्रम शुरू किए गए है। जिसका आगाज मंगलवार को हवन-यज्ञ के साथ हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प भी दिलवाया गया। कार्यक्रम में एसएचओ विद्यानंद पहुंचे।

### शिविर की शुरुआत प्राणायाम के साथ

**बवानीखेड़ा।** बलियाली के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत योग एवं प्राणायाम के साथ की गई। छात्रों द्वारा लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने अफसरों संग की बैठक

# छोटे कारीगरों के लिए वरदान है पीएम विश्वकर्मा योजना


**भिवानी।** अधिकारियों को दिशा .निर्देश देते एडीसी।

लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए हाल में आयोजित हुई पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अतिरिक्त उपायुक्त अनुपमा अंजलि की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गरीब व जरूरतमंद कारीगरों को इस योजना की जानकारी दें और स्वरोजगार स्थापना में हर संभव मदद करें। एडीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा सितंबर 2023 में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों मे रहने वाले कारीगर व शिल्पकार के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शुरू की है। योजना का मुख्य उद्देश्य कारीगरों की पहचान कर उनको आर्थिक लाभ देकर उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का कारीगर होना आवश्यक है। आवेदन के लिए 18 आयु वर्ष से अधिक होनी चाहिए व परिवार में अन्य व्यक्ति सरकारी सेवा में कार्यरत नहीं होना चाहिए। सरकार द्वारा कारीगर व शिल्पकार को बैंक के माध्यम से एक लाख रुपए का ऋण केवल पांच प्रतिशत ब्याज की दर से मुहैया करवाया जाता है, जो कि आवेदक द्वारा 18 महीनों में आसान किस्तों के माध्यम से चुकाना होता है। एक लाख रुपए का ऋण समय पर चुकाने पर उसको दो लाख रुपए का ऋण दिया जाता है, जो कि 30 महीनों में आसान किस्तों में चुकाना होता है। इस योजना के तहत बढ़ई, नाव निर्माता, अस्त्रकार, लोहार, हथोड़ा. टूलकिट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार;पत्थर तराशने व पत्थर तोडऩे वाला मोची चर्मकार व जूता कारीगर, राजमिस्त्री, टोकरी व चटाई व झाड़ू निर्माता व कॉपर बुनकर गुडिय़ा और खिलोना निर्माता पारंपरिक नाई,माला निर्माता ;मालाकार, धोबी, दर्जी व मछली का जाल निर्माता ऋण सहायता लेकर कार्य कर सकता है।

#### डिजीटल लेन देन पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत यदि कारीगर डिजिटल लेन देन करता है तो उसको एक रुपए प्रति लेनदेन या अधिकत्तम 100 लेन देन प्रतिमाह के लिए प्रोत्साहन राशि मिलती है। इस योजना के हित सरकार द्वारा मार्केटिंग सपारे्ट भी प्रदान करवाई जाएगी ताकि उनके उत्पाद को बड़े स्तर पर पहचान मिल सके। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष शंकर धूपड़ विशेष एक्सर्पट आमंत्रित सदस्य, भाजपा जिला महामंत्री शिव कुमार परासर, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा गैर सरकारी सदस्य के रूप में मौजूद रहे। एडीसी ने सभी सदस्यों से इस योजना के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने व योजना का लाभ दिलवाने की अपील की। इस दौरान जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी रविन्द्र दलाल, एलडीएम राहुल, एसएसएमई से सहायक निदेशक रचना त्रिपाठी, उप निदेशक जनक कुमार, अरूण कटारिया, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## लोकसभा प्रभारी के सामने हंगामा

- मेज पर खड़े होकर लोगों को शांत करने का किया प्रयास


**बाढड़ा।** बैठक के दौरान मौजूद प्रभारी हंसमुख चौधरी व अन्य पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

कांग्रेस पार्टी संगठन के मजबूत करने के लिए मंगलवार को बाढ़ड़ा में जांगड़ा धर्मशाला में कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया था। संगठन को मजबूत करने के लिए भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रभारी हसमुख चौधरी पहुंचे थे।

बैठक के दौरान एक. एक कर पदाधिकारी व पूर्व विधायक अपने विचार रख रहे थे। इस दौरान कई वक्ताओं ने स्टेज से स्वीकार भी किया कि गुटबाजी के कारण बीते चुनावों में कांग्रेस की हार हुई है इसे समाप्त किया जाये। लेकिन इसी बीच कांग्रेसी नेताओं के समर्थकों ने वहां हंगामा कर दिया। समर्थकों ने अपने नेता के जिंदाबाद व दूसरे नेता के मुर्दाबाद के नारे लगाए। बैठक में पहुंचे लोकसभा प्रभारी ने स्थिति को संभालने के लिए मेज पर खड़े होकर हंगामा कर रहे लोगों को शांत करवाने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने उनकी एक ना सुनी। जिसके चलते वे बैठक को छोड़कर ही बाहर चले गए। बता दे कि चुनाव नजदीक आते देख कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित कर एकजुट रहने का संदेश दिया जा रहा है। लेकिन हाल ही में चरखी दादरी जिले में आयोजित बैठकों में कांग्रेसी एकजुट नजर नहीं आए हैं। इसी प्रकार का नजार मंगलवार को बाढ़ड़ा में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में भी देखने को मिला।

## पेड़-पौधें पृथ्वी का आभूषण और जीवन का आधार: सुरेंद्र


**भिवानी।** पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने नवदंपत्ति को पौधा भेंट कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलवाया। विवाह के पवित्र बंधन में बंधे नवदंपत्ति भगवत कौशिक व काजोल को गांव उमरावत में सुरेंद्र संभ्रवाल ने पौधा भेंट किया तथा उन्हें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक संभ्रवाल ने कहा कि नवदंपत्ति के लिए पौधें से अच्छा उपहार नहीं हो सकता, क्योंकि पौधा हरियाली, खुशहाली एवं स्वस्थ जीवन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधें पृथ्वी का आभूषण होने के साथ-साथ मनुष्य के लिए चिकित्सक व जीवन का आधार हैं। पेड़-पौधों से हरियाली बढ़ती है, वहीं वातावरण शुद्ध होने के साथ हम बहुत सी बीमारियों से बचे रहते है, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण को औपचारिकता नहीं, बल्कि अपना नैतिक कर्तव्य समझना चाहिए। इस अवसर राजेश डुडेजा, विरेंद्र मिंटू, सुरेश मेहरा व निवास भी साथ रहे।

## गेस्ट टीचरों पर बर्बरता सहन नहीं करेगा अध्यापक संघ : महेंद

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंध सर्व कर्मचारी संघ जिला कमेटी की आवश्यक बैठक विजय नगर स्थित अध्यापक भवन में हुई। बैठक अध्यक्षता जिला प्रधान महेंद्र सिंह एवं संचालन राजेश सभ्रवाल ने किया। बैठक में तत्कालिक शिक्षा संबंधी एजंडों पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर यमुनानगर में गेस्ट टीचरों के आंदोलन को बर्बरता से दबाने एवं दमन करने पर निंदा प्रस्ताव पास किया एवं फैसला लिया कि यदि सरकार गेस्ट अध्यापकों के मांगों पर कार्य नहीं करती तो अध्यापक संघ आगामी आंदोलन की घोषणा करेगा। बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

## शहर में नहीं रहेगी कोई भी गली कच्ची:भवानी



**भिवानी।** मंगलवार को नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने सेक्टर.23 में नारियल फोड़कर गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। गली के निर्माण पर लाखों रुपये के बजट खर्च किया जाएगा। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि शहर की कोई भी गली कच्ची नहीं रहेगी। अभी तक करीब दो सौ गलियों का निर्माण कार्य मुक्कमल हो चुका है इनके अलावा अनेक गलियों का निर्माण कार्य जारी है। जो कि जल्द पूरा हो जाएगा। इन गलियों के निर्माण के बाद शहर में कोई भी गली कच्ची नहीं रहेगी। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी ने सेक्टर 23 के चार पाकारे् का निरीक्षण किया और सभी पाकारे् का नवीनीकरण कराया जाएगा। जिसका एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कहा कि शहर का कोई ऐसा पार्क जर्जर नहीं बचेगा। कुछ जर्जर पाकारे् के सुधारीकरण का कार्य पूरा हो चुका है,कुछ में कार्य शुरू है। जिसके तहत पार्क की चारदिवारी, झूल्ले, पगडंडियां, पेड़ व पौधे आदि लगवाए जाएंगे। ताकि शहर के सभी पाकारे् को सुधारा जा सके। पाकारे् की स्थिति सुधरने के बाद शहर की स्वच्छता को पंख लग जाएंगे। इस मौके पर वार्ड संख्या 3 के पार्षद अभिषेक दु गल, वार्ड 23 के पार्षद मनोज खनगवाल, चंद्रपाल चौहान, रामनिवास सिंगला, राजकरण के अलावा अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस के कार्यक्रमों मिल रहा समर्थन

- देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार ने लोगों को महंगाई का जहर पिलाया : दिनेश सिंह


**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन कांग्रेसी नेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

एआईसीसी द्वारा नियुक्त जिला ऑब्जर्वर दिनेश सिंह ने मंगलवार को गांव नोरंगाबाद में कांग्रेस मंडलम की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा और विधानसभा आने वाले हैं ऐसे में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें। सभी को जनता के बीच जाकर बताना है कि किस तरह से देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार ने लोगों को महंगाई का जहर पिलाया है। खुशहाल देश व प्रदेश तभी बनेगा जब कांग्रेस सरकार होगी। जनता भी अब कांग्रेस की ओर उम्मीद की नजर लगाए बैठी है। गांव नोरंगाबाद की कांग्रेस मंडलम मीटिंग कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष सुखपाल सिंह के द्वारा आयोजित की गई। एआईसीसी सदस्य संदीप सिंह ने कहा कि ने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यक्रमों को जनता का ऐतिहासिक समर्थन मिल रहा है। अब घर.घर कांग्रेसे अभियान शुरू होने जा रहा है, जिससे पार्टी को प्रदेश में और मजबूती मिलेगी। सभी नेता लगातार जनता के बीच में हैं। जब तक हरियाणा को बेरोजगारी, अपराध, नशे, कर्ज और जनता पर अत्याचार में नंबर वन बनाने वाली सरकार को उखाड़ कर नहीं फेंक देते, तब तक कांग्रेसी चैन की सांस नहीं लेंगे। कांग्रेस सरकार बनने पर 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा।

## कलश यात्रा से हुई 9 दिवसीय श्रीराम कथा की शुरूआत


**बवानीखेड़ा।** नववर्ष के उपलक्ष्य में जिला के गांव जाटु लोहारी में चौहान पाना स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन ग्रामीणों द्वारा करवाया गया। इस कथा की शुरुआत सोमवार को कलश यात्रा से हुई। इस दौरान 131 महिलाओं द्वारा गांव भर में कलश यात्रा निकाली गईए जो कि कथा स्थान पर संपन्न हुई। 9 दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान कथावाचक ओमप्रकाश महाराज श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा की महिमा बताएंगे। यह जानकारी देते हुए प्रदीप तंवर व कांग्रेस नेता अधिवक्ता दीपेश सारसर ने कहा कि व्यक्ति के लिए भोजन के साथ.साथ संस्कार एवं संस्कृति का समावेश होना भी बहुत जरूरी है और ये तभी हो सकता है जब बचपन से ही संस्कृति का सम्मान करना सिखाया जा सकें। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्त्रमों के आयोजन से सामाजिक संस्कार उत्पन्न होते है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को हिंदु संस्कृति से अवगत करवाने के लिए जरूरी है कि समय.समय पर धार्मिक कार्यक्त्रमों का आयोजन होता रहे।

## महेंद्र कागजी को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


**भिवानी।** सेवानिवृति पर कर्मचारी को सम्मानित करते हुए।

किसी भी संस्था का उत्कर्ष संस्था में कार्यरत कर्मचारियों पर ही निर्भर करता है। उनकी अथक मेहनत व सेवाभाव से ही संस्था बुलन्दियों को छूती है और यह इस महाविद्यालय का परम सौभाग्य रहा है कि उन्हे कर्मठ, ईमानदार व समर्पित स्टाफ मिला है। यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी के वरिष्ठ सदस्य महेंद्र कागजी की 42 वर्ष की सेवा के पश्चात उनकी सेवानिवृत्ति पर आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि समय गतिमान है व रिटायरमेंट वास्तव में स्थिति परिवर्तन है अतः सेवानिवृत व्यक्ति के अनुभव का फायदा समाज के हर वर्ग को मिलता है। समारोह में मुख्य रूप से वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता,महासचिव डॉ. पवन बुवानी वाला,वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता,वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति की सदस्या सुनीता गुप्ता,आदर्श शिक्षा समिती के पूर्व कोषाध्यक्ष सुंदरलाल अग्रवाल,प्राचार्य डॉ.संजय गोयल, महेंद्र कागजी की सुपुत्री अपूर्वा,दामाद प्रियजन उपस्थित रहें। वैश्य कॉलेज ट्रस्ट के महासचिव डॉ. पवन बुवानी वाला ने कहा कि विदाई के क्षण भावुक होते हैं।

### कुरीतियों को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**बहल।** बिधनोई गांव में विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर ग्रामीणो ने अपनी राय रखी। ग्रामीणों ने सहमति से गांव में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया।

इसके अलावा यह निर्णय लिया गया कि गांव में किसी समारोह में कोई व्यक्ति हथियार नहीं चलाएगा। गांव के चौक में आयोजित बैठक में गांव के सभी मौजिल लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि गांव में विकास के साथ साथ यह जरूरी है कि समाज में जो कुरीतियां है उनको मिटाना जरूरी है। ग्रामीणों ने आपसी सहमति से नए वर्ष की शुरूआत से विवाह शादी या अन्य अवसरों पर गांव में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध का फैसला लिया।

## महिला मृत अवस्था में मिली

- प्राथमिक दृष्टया के अनुसार महिला ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

मंगलवार को तोशाम में भिवानी मार्ग पर स्थित लक्ष्मी नगर में एक मकान के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में महिला मृत अवस्था में मिली। प्राथमिक दृष्टया के अनुसार महिला ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त की है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तथा महिला के शव को अपने कब्जे में लिया व शव को पोस्टमार्टम के लिए भिवानी भेज दिया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार सुबह करीबन 11 बजे भिवानी मार्ग पर स्थित लक्ष्मी नगर में अपने मकान के अंदर महिला सपना उर्फ मुस्कान मृत अवस्था में मिली। मृतक महिला के पति अशोक की माने तो जिस समय महिला की मौत हुई तब वह घर में अकेली थी और उसने अपनी चुन्नी से कमरे की चौखट पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। लेकिन दूसरी तरफ मृतक महिला के मायके पक्ष के लोग महिला की मौत का कारण सुसाइड ना मानकर उसकी हत्या का अंदाजा लगा रहे हैं।

#### मौके पर पहुंची पुलिस

लेकिन इस बारे पूर्ण जांच होने तक अभी कुछ नहीं कहा जा सकता यह सब पूर्ण जांच होने के पश्चात ही साफ हो पाएगा। मामले में मृतक महिला के मायके पक्ष के लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस जांच में जुटी हुई थी मामले में पूर्ण जांच होने के पश्चात ही पता लग पाएगा कि महिला की मौत का कारण सुसाइड है या मर्डर है। इस बारे में तोशाम थाना प्रभारी श्री भगवान यादव ने बताया कि मृतक महिला के मायके पक्ष के लोगों से उन्हें सूचना मिली थी कि करीबन 1 साल पहले तोशाम में शादीशुदा महिला सपना उर्फ मुस्कान मृत अवस्था में है। सूचना के पश्चात उन्होंने मौके पर जाकर जांच की तो प्राथमिक दृष्टया में मामला सुसाइड का लग रहा है। लेकिन शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में लगेगा भंडारा

# भंडारे के लिए हरिद्वार से पहुंची गंगाजल की खेप

- बाबा जहरगिरी महाराज की पुण्यतिथि पर भंडारा व संत समागम 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


**भिवानी।** प्रसाद के लिए हरिद्वार के पहुंचे गंगाजल का पूजन करते डॉ. अशोक गिरी।

सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी महाराज की पुण्यतिथि पर 19 जनवरी को हालुवास गेट सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में हर वर्ष की भांति वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में बनने वाला संपूर्ण प्रसाद पवित्र गंगाजल एवं शुद्ध घी से बनेगा, जिसके लिए हरिद्वार से पहली खेप आश्रम परिसर में पहुंच चुकी है, जिसकी आश्रम पीठाधीश्वर श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज ने पूजा-अर्चना की। इस मौके पर श्रीमहंत ने बताया कि प्रसाद में प्रयोग होने वाले गंगाजल की अगली खेप भी जल्द आश्रम में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि ये भंडारा उत्तर भारत का सबसे विशाल भंडारा होगा, जिसमें संत समागम का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश से साधु-संत पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि पुण्यतिथि पर होने वाले भंडारे एवं संत समागम में मुख्य रूप से जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज एवं अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेम गिरी महाराज पहुंचेंगे तथा नवनिर्मित अखंड धूना संत कुटिया का लोकार्पण करेंगे। डॉ. अशोक ने बताया कि सनातन संस्कृति में गंगा के जल को सबसे पवित्र माना गया है, गंगा ही एकमात्र ऐसी नदी है, जहां पर अमृत कुंभ की बूंदे दो जगह गिरी थी। इस अवसर पर बाबा कैलाशगिरी, दशरथ गिरी, संजय शर्मा, किरोड़ी जैन हलवाई, डॉ. अनंत बासोतिया, सुनील बौंदिया, नरेश सैनी, विनोद प्रजापति पार्षद, कालू शेखावत, रमन गर्ग, दलीप मास्टर कोठारी, लेहसु सैन, तेजपाल, बसंत शास्त्री, कार्तिक पंडित आदि मौजूद रहे।

## मानव प्रजाति को मानव प्रजाति मानना ही नववर्ष का सार: गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं वैश्य मॉडल प्रबंधसमिति के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने कहा कि मानव प्रजाति को मानव प्रजाति मानना ही नववर्ष का सार है। सब लोग मिल जुल कर रहे और एक दूसरे के दुःख व सुख में शामिल हो। नव वर्ष पर इसी तरह का संकल्प ले तो मानव जाति का कल्याण संभव हो सकत है। वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में आयोजित नववर्ष मिलन समारोह के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने नववर्ष के सुअवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विद्यालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी केजी के विद्यार्थियों ने अनोखे एवं अद्भुत नृत्य के माध्यम से नववर्ष की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों की भव्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित जन को भाव विभोर कर दिया।

**सूचना**

मैं, बन्सी लाल पुत्र श्री सूरजभान निवासी गांव सिकन्दरपुर, तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राजेश मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### नरसिंहवास में अक्षतों का वितरण कार्यक्रम आयोजित

**चरखी दादरी।** अध्योध्या से रामलला मूर्ति की स्थापना के लिए पहुंचे, पूजित अक्षत कलशो से वितरण का शुभारंभ कर दिया गया है। इसके तहत पूरे जिले के शहरी, कस्बाई व ग्रामीण क्षेत्रों में इन अक्षतो का वितरण करते हुए कार्यक्रम का निमंत्रण दिया जा रहा है। इसी कडी में गांव नरसिंह वास में अक्षत वितरण कार्यक्रम शुरू किया गया।

### प्राणायाम और चरित्र निर्माण शिविर संपन्न

**बाढ़ड़ा।** आर्यवीर दल चरखी दादरी के तत्वावधान में उपमंडल पति सुरेंद्र आर्य के सहयोग से मंडलपति स्वामी सच्चिदानंद के सानिध्य में माई कलां एवम्‌ खुर्द के संयुक्त रूप से माई खुर्द के राजकीय स्कूल में छह दिवसीय आसान व्यायाम प्राणायाम एवं चरित्र निर्माण संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मंगलवार को समापन समारोह बहुत ही भव्य रहा।

### गांव संवाड में चिकित्सा शिविर का उद्घाटन

**चरखी दादरी।** संवाड में सेठ कालूराम धर्मार्थ चिकित्सा केंद्र में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया एवं सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया। शिविर में 20 लोगों के फ्री ऑपरेशन करवाए गए। भाजपा जिला महामंत्री राजेश बंटी के पिता पंडित छाजूराम शर्मा ने बतौर मुख्यतिथि शिविर व सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया। शिविर का उद्घाटन करते हुए पंडित छाजूराम शर्मा ने कहा कि इस तरह के कैंपों से जरूरतमंद लोगों को घर के समीप ही चिकित्सा सुविधा मिलती है।



### स्वर्ण जयंती पार्क के पास से मोटरसाइकिल चोरी

**लोहारू।** शहर के स्वर्ण जयंती पार्क में घूमने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। बाइक मालिक की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कस्बे के वार्ड 5 निवासी देवेंद्र ने बताया कि वह बाइक पर स्वर्ण जयंती पार्क में घूमने गया था, जब वापिस लौटकर देखा तो मौके से मोटरसाइकिल गायब थी। काफी तलाश पर भी सुराग नहीं लगा।

## मानसून के दिनों में बाढ़ के हालात झेल चुके दादरी को जल्द राहत मिलेगी

# बरसाती पानी से मिलेगी निजात पाइप लाइन डालने का काम शुरू

### बारिश में हो जाते हैं बाढ़ से हालात, विभाग का मिनटों में पानी की निकासी करने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी शहर से बरसाती पानी की निकासी के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग पूरी तरीके से गंभीर है। मानसून के दिनों में बाढ़ के हालात झेल चुके दादरी को जल्द राहत मिल जाएगी। अब जल्द ही शहर के अंदर पाइप लाइन डाल दी जाएगी, जिसके लिए प्रदेश सरकार ने करोड़ों रुपये मंजूर किए हैं।

जनस्वास्थ्य विभाग के माध्यम से बारिश के पानी की निकासी सुनिश्चित करने के लिए ये काम शुरू कर दिया गया है। इस योजना के तहत रेस्ट हाउस से तालाब तक पाइप लाइन बिछाने का पूरा हो चुका है। भगवान परशुराम चौक से बाजार में भी पाइप लाइन डाली जा चुकी है। इस कार्य के तहत 4600 मीटर की बड़ी पाइप लाइन बिछाई जाएगी, जिससे बारिश के दिनों में पानी की निकासी आसानी से होगी। अब रोहतक रोड पर जल्द ही पाइप लाइन डालने का काम शुरू होगा। इसके बाद शहर में पानी निकासी की समस्या नहीं रहेगी। बीते मानसून में दो माह तक बाढ़ के हालात बने रहे थे तथा 15 दिनों तक बाजार बंद रहे। सैंकड़ों दुकानों में पानी घुस गया तथा जिला प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी पानी की निकासी नहीं हुई।



दादरी। दादरी में रोहतक रोड पर डाले गए पाइप। फोटो : हरिभूमि



दादरी। मानसून के दौरान बाजार में जमा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

### पानी की वजह से डेढ़ माह तक बंद रहा था मॉडल संस्कृति स्कूल

बरसाती पानी की निकासी नहीं होने की वजह से झाड़सिंह चौक स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकंडरी स्कूल करीब डेढ माह तक बंद रहा था। मानसून के दौरान स्कूल में दो से तीन फुट तक पानी जमा रहा था। विधायक नैना चौटाला, विधायक सोमबीर सांगवान, तत्कालीन उपायुक्त प्रीति सहित आला अधिकारियों ने स्कूल में जमा पानी की निकासी को लेकी जायजा लिया था। इसके बावजूद करीब डेढ़ माह पानी निकासी को लग गया और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित रही।

### मुख्यमंत्री के समक्ष रखी थी पानी निकासी की समस्या

विधायक सोमबीर सांगवान ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष उन्होंने पानी निकासी की समस्या रखी थी। उन्होंने इस समस्या को गंभीरता से समझा तथा पाइप लाइन डालने के लिए बजट मंजूर कर दिया। अब पूरे शहर से पानी निकासी के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम जारी है। शहर के अलावा भी करीबन 4 करोड़ 96 लाख की राशि मंजूर हुई है, जिससे विकास कार्यों को गति मिलेगी।



### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अंतिमा ने जीता मेडल

**भिवानी।** मोहाली में संपन्न हुए साऊथ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गांव राजगढ़ की बेटी अंतिमा यादव ने ब्रांज मेडल जीतकर आगामी 20 जनवरी को जालंधर में होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अपनी स्थान सुनिश्चित किया। इससे पहले भी अंतिमा ने कई बार राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक प्राप्त किए हैं। अंतिमा ने अपनी जीत का श्रेय माता पिता, कोच फ्रूटी व जगदीप बूरा को दिया। अंतिमा के गांव पहुंचने पर गांव राजगढ़ के सरपंच नरेंद्र यादव, रूपगढ़ के सरपंच रवि कुमार, गांव ढ़ाणी जंगा के सरपंच जितेन्द्र, सुरेंद्र यादव, बाबूलाल स्वामी, रामकिशन यादव व मास्टर प्रकाश शर्मा, जयवीर यादव, धनराज यादव, राजीव शर्मा, ईश्वर शर्मा आदि ने स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ग्रामीणों व कोच ने विजेता खिलाड़ी का किया स्वागत।

## किरावड़ में 1.25 करोड़ रुपये से हो रहे विकास कार्य: मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

गांव किरावड़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्यतिथि जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक के पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात चेयरपर्सन मलिक को ग्रामीणों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान चेयरपर्सन मलिक ने सभी हल्कावासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।



मलिक ने 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले कम्युनिटी हॉल की नींव रखी व अनेक विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि गांव किरावड़ में लगभग 1.25 करोड़ रुपये से विकास कार्य हो रहे हैं। मलिक ने कहा कि ये चेयरमैनी आपकी अपनी है तभी तोशाम हल्के में विकास कार्य हो रहे हैं, किसी भी बाहर वाले ने तोशाम के अंदर विकास कार्य नहीं करवाए और न ही कभी तोशाम हलके में चेयरमैनी आने दी। इस मौके पर तोशाम व्यापार मंडल के प्रधान जोगेंद्र मलिक, सरपंच सुरेश, पार्षद शीला, सरपंच अंकित लाम्बा, हरीश महता आदि मौजूद रहे।

## स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शिविर में किया मोटिवेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर के द्वितीय दिवस पर बड़े हषार्ेल्लास का वातावरण रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सामान्य अस्पतालए बवानी खेड़ा से डॉ. उमेद भुक्कल व विशिष्ट अतिथि स्वरूप डॉ. कृष्ण व डॉ. रेखा ने विद्यालय प्रांगण में शिरकत की।

इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. उमेद भुक्कल ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति जागरूकता को देखते हुए बताया कि इससे छात्रों का मानसिक व शारीरिक विकास तो होता ही हैए साथ.साथ छात्र संस्कारी भी बनते हैं। उन्होंने नशा मुक्त राष्ट्र का संदेश




देते हुए विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। संपूर्ण राष्ट्र को नशा मुक्त रखने के लिए विद्यार्थियों से शपथ दिलवाई। विद्यार्थियों ने भी स्वच्छ भारत. नशा मुक्त भारत नारे के साथ दृढ़ संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने सभी आगंतुकों का भव्य स्वागत किया तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिन्ह के शाब्दिक अर्थ को परिभाषा सहित समझाया। यह हमें स्वयं के लिए नहीं, अपितु दूसरों के लिए जीना अर्थात दूसरों की यथा सामर्थ्य अनुसार सेवा करना सिखाता है।

### छह आयुष हेल्थ सेंटर को मिला प्रमाणित प्रमाण पत्र

**भिवानी।** आयुष विभाग भिवानी के छह आयुष हेल्थ सेंटर को राष्ट्रीय अस्पताल माननीकरण बोर्ड द्वारा हाल ही में प्रमाणित किया गया है। सामान्य अस्पताल स्थित आयुष विभाग में जिला योगा कोर्डिनेटर डॉ. संजय वैद्य एवं जिला प्रोग्राम प्रबंधक डॉ. अर्चना श्यौराण द्वारा आयुष हेल्थ सेंटर के इंचार्ज को प्रमाण.पत्र भेंट किए। आयुष हेल्थ सेंटरों में प्रमाण पत्र हासिल करने वाले आयुष हेल्थ सेंटर धारेडू, तिगड़ाना, गोलागढ़, लेघा,रूपगढ़ व निमड़ीवाली शामिल हैं। जिला में कुल 20 आयुष हेल्थ सेंटर में केवल छह को एनएबीएच द्वारा प्रमाणित किया गया है। शीघ्र ही सभी कमियों को पूरा किया जाएगा और सभी सेंटरों को शीघ्र ही प्रमाणित करवाया जाएगा। इन हेल्थ सेंटरों में चिकित्सीय सुविधा के रूप में आयुर्वेद तथा योगा की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

## पर्यावरण संरक्षण को किया प्रेरित

- राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरककलां में चल रहे सात दिवसीय कैम्प के चौथे दिन प्राचार्या डॉ. रीमा परमार की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी सुषम लता के नेतृत्व में मंगलवार प्रातःकालीन सत्र की शुरूआत ध्यान-योग व लक्ष्यगीत के साथ की गई।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यतिथि राजकीय वमा विद्यालय बलियाली की प्रवक्ता शकुंतला यादव ने मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन करके की। कार्यक्रम में मंच संचालन भूमि शर्मा व भारती ने किया। इस अवसर पर सुनीता, अनु,




सरिता, सोनिया, मुस्कान, पायल व रीतू ने भाषण, कविता व लघु नाटिका प्रस्तुत कर पर्यावरण को संरक्षित रखने की अलख जगाई। मुख्यतिथि शकुंतला ने सभी बेटियों को शिक्षा व अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी।

उन्होंने व्यक्तित्व विकास, संस्कार व नारी सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान दिया। सुषमलता ने स्वयंसेविकाओं को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करने तथा जागरूक नागरिक बन समाज में भी जागृति उत्पन्न करने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरुचि, मनुदेव, सुनीता आदि स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### ग्रामीणों को गिनवाएं टिकाऊ खेती के फायदे

**भिवानी।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक सदस्य एवं टिकाऊ खेती ग्राम स्वराज जनजागरण अभियान के संचालक महेंद्र सिंह गोदारा ने कहा कि टिकाऊ खेती की पैदावार रासायनिक खेती से अधिक होगी, क्योंकि हम किसानों को सात घटक वाली टिकाऊ खेती करवाते है, जिसमें सात घटक कंपोस्ट, वर्मी कंपोस्ट, जीवाणु टिका, जीवाणु खाद, संवर्धन खाद, गोमूत्र व पेड़-पौधें से बनी कीटनाशक का प्रयोग करके खेती करना है, इससे किसान कम लागत में अधिक उत्पादन लेकर आर्थिक रूप से समृद्ध बन सकता है। गोदारा मंगलवार को गांव सिधनवा, गोपालवास, ईशरवाल सहित अन्य गांवों में किसानों को संबोधित कर टिकाऊ खेती के फायदे गिनवा रहे थे। केंचुआ पद्धति की टिकाऊ खेती की वकालत करके किसानों से ये शुरू करवाए तो उत्पादन में बढ़ोतरी होगी।

### शीतलहर के मद्देनजर सावधानी बरतें : उपायुक्त

**भिवानी।** डीसी नरेश नरवाल ने नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि थोड़ी सी सावधानी बरतकर शीतलहर से बच सकते हैं। सर्दी के प्रकोप में विशेषकर छोटे बच्चों व बुजुगोंर् को सावधानी बरतने की जरूरत है। पिछले कुछ दिनों से सर्दी का प्रकोप एकाएक बढ़ गया है। शरीर को कंपकंपा देने वाली सर्दी शुरु हो गई है। कड़ाके इस ठंड में सब कुछ ठिठुर रहा है। सर्दी के इस भयंकर प्रकोप का मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। ऐसे में डीसी नरवाल ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे सर्दी में विशेष सावधानी बरतें ताकि बीमार होने से बचा जा सके। शीतलहर से बचने के लिए मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो व टीवी व समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीत लहर की कितनी संभावना है। फ्लू, नॉक बहना व भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## स्वयंसेविकाओं ने की सफाई

- हलवासिया विद्या विहार में लगाया एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में शीतकालीन अवकाश के दौरान एनएसएस प्रभारी कविता तंवर के नेतृत्व में कैंप के दूसरे दिन स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

अभियान का उद्देश्य आरंभ से ही विद्यार्थियों में सेवा, संस्कार एवं सहयोग जैसे गुणों को विकसित करना रहा, जिससे वे मार्ग में आने वाली हर प्रकार की चुनौतियों का सामना धैर्य पूर्वक कर सके। राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के समूह को तीन भागों



में बांटा गया। स्वयंसेविकाओं ने एपीजे अब्दुल कलाम गार्डन, फुटबॉल ग्राउंड,वॉलीबॉल ग्राउंड के पौधों में से अतिरिक्त खरपतवार को निकाला एवं पौधों की खुदाई की गई। स्वयंसेवकों ने खेल का मैदान, स्केटिंग ग्राउंड, सरस्वती गार्डन व रोज गार्डन आदि की सफाई की गई। विद्यालय प्रशासन दीवानचंद रहेजा एवं प्राचार्य विमलेश आर्य ने सभी विद्यार्थियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की एवं उत्साहवर्धन कर सदैव अपने भीतर सेवाभाव बनाए रखने की सीख दी।

इस कार्य में योगाचार्या अंजू लोहान, खेल प्रशिक्षिका प्रीति यादव एवं खेल प्रशिक्षक आचार्य रामभगत का भी योगदान रहा।

### विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बिडौला व बादलवाला पहुंची

**तोशाम।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को गांव बिडौला व बादलवाला पहुंची। इस मौके पर विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं के लिए पंजीकृत किया। उपस्थित नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि आज सरकारी योजनाएं लेकर सरकार आपके द्वारा पहुंची है। यह यात्रा गांव.गांव जाकर गरीब लोगों के आर्थिक उत्थान के लिए कार्य कर रही है। भारत विकसित यात्रा राशन कार्ड,वृद्धावस्था पेंशन, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी व स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं दे रही है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का सपना है कि 2047 तक देश का चहुमुखी विकास करना है। उन्होंने कहा कि आपके अपने गांव में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने स्टाल लगाकर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया व उनके बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई आयुष्मान योजना के तहत गरीब व्यक्ति को लाभ मिल रहा है।



भिवानी। एनएसएस कैंप में विद्यार्थियों को जानकारी देते शिक्षक।

## पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय लेघा में लगा एनएसएस कैंप

**भिवानी।** मंगलवार को पीएम श्री राजकीय वमा विद्यालय लेघा में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन का प्रारंभ प्रवक्ता सुदेश ने प्रातः योग, प्राणायाम व शारीरिक व्यायाम करवाने के बाद तीनों सेनाओं में सैनिक तथा अधिकारी के रूप में करियर बनाने सम्बंधी जानकारी के साथ किया। इसके बाद स्वयंसेवक, सेविकाओं को प्राचार्य महेन्द्र सिंह गिल ने स्वच्छता के महत्व को बताया तथा विद्यालय व गांव में सफाई रखने से रोगों से दूर रखने के उपाय भी बताए। दोपहर बाद पुस्तकालय व विद्यालय प्रांगण की संयुक्त रुप से साफ सफाई की। इस अवसर पर एनएसएस, पीओ विनोद ने अपना काम स्वयं करने की प्रेरणा देते हुए आत्मनिर्भर भारत बनाने में सहयोग देने की शिक्षा दी। प्रवक्ता सविता, बबीता, एबीआरसी पूनम, सलेश जांगड़ा, कैलाश, रामप्रताप ने भी स्वयंसेवक सेविकाओं को अपने विचारों से प्रेरित किया।

- तीनों सेनाओं में सैनिक तथा अधिकारी के रूप में करियर बनाने सम्बंधी जानकारी दी

### प्रथम महिला शिक्षिका की याद में कार्यक्रम का आयोजन

## फूले के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए: यादव

हरिभूमि न्यूज : भिवानी

सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की याद में तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत महिला शिक्षकों को सम्मान दिया। इस मौके पर शिक्षकों ने समाज कल्याण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समाजसेविका उर्मिला सैनी को सावित्री बाई सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया। विद्यालय संचालिका सावित्री यादव व कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रपति अवॉर्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि सावित्रीबाई फुले के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत हमें महिलाओ एवं बेटियों के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए।

सावित्री बाई ने विकट परिस्थितियों में महिला शिक्षा के लिए अपने समय काल में बड़ा कार्य किया। सावित्री बाई महिला शिक्षा के लिए प्रेरित करनी वाली भारत की पहली महिला शिक्षिका थी। सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव गांव में हुआ था।



भिवानी। उर्मिला सैनी को सेवा पुरस्कार देती सावित्री यादव व अन्य।

### नशे से रहें दूर

यादव व भारद्वाज ने कहा कि सावित्री बाई ने भारत में समाज सुधारक, गर्भपात विरोधी, शिक्षिका और कवि के रूप में भी काम किया। आज समाज उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र कल्याण का कार्य करें,तभी हम भारत को विकसित भारत की मजबूत कड़ी में खड़ा कर सकते हैं। सभी सम्मानित शिक्षकों ने समाजसेवा के साथ साथ पानी और पर्यावरण के संरक्षण और नशे जैसी बुराई से लोगों को दूर रखने की जागरूकता का संकल्प लिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्राचार्या समी यादव, सतीश कुमार यादव, सरला अग्रवाल, उर्मिला सैनी, शकुंतला देवी, वंदना अग्रवाल, सुषमा देवी, अनिता सैनी, कविता देवी, बबीता देवी, ललिता देवी, सुनना देवी, जानकी देवी, मास्टर अमित, कपिल वर्मा, मास्टर रिंकू, सुमित मलिक, रामा सैनी, समाजसेविका अंजु शर्मा, अनिता आदि उपस्थित रहे।

केवल नाम ही काफी है..
सागर
चाय
REQUIRED : DISTRIBUTOR
Mob: 92152-43212